उष्ट्र संरक्षण योजना के आवेदन हेतु बनाए गए इंटीग्रेटेड वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

9 फरवरी, 2023 को राजस्थान के पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने पंत कृषि भवन जयपुर में उष्ट्र संरक्षण योजना के आवेदन हेतु बनाए गए इंटीग्रटेड वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने ऊँटों की घटती संख्या को गंभीरता से लेते हुए 'उष्ट्र संरक्षण योजना' की घोषणा पिछले बजट में की थी।
- 'उष्ट्र संरक्षण योजना' को राज्य पशु ऊँट के संवर्धन के लिये राज्य सरकार द्वारा लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत ऊँट प्रजनन को प्रोत्साहित करने के लिये टोडियों के जन्म के अवसर पर 5000-5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दो किश्तों में पशुपालक को दी जाएगी।
- उष्ट्र संरक्षण योजना एवं वेब एप्लीकेशन में ऊँट पालक का पंजीयन, पशु चिकित्सक द्वारा ऊँटनी व टोडिये की टैगिंग तथा ज़िला स्तरीय वित्तीय स्वीकृति का प्रावधान किया गया है।
- ऊँट पालक 1 नवंबर या उसके पश्चात् जन्मे टोडियों का योजना के अंतर्गत 28 फरवरी, 2023 तक पंजीयन करवा सकते हैं। यह पंजीयन ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से किया जा सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-the-integrated-web-application-created-for-the-application-of-camel-protection-scheme